आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 17.08.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में बैंकिंग सुधारों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की भूमिका की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करेगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी का शुभारंभ किया।
- गढ़वाल मंडल के आयुक्त आनदं स्वरूप ने चमोली जिले में सुरंग हादसे में लापता श्रमिकों की तलाश के लिए चलाए जा रहे अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- कुमाऊं मंडल में बिरुड़ पंचमी के साथ प्रसिद्ध लोकपर्व सातूं–आठूं शुरू।

<u>वित्त मंत्री</u>

केंद्र सरकार विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए बैंकिंग सुधार पर जल्दी ही उच्च स्तरीय समिति गठित करेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों के दो दिन के सम्मेलन के उदघाटन के बाद कहा कि यह समिति विभिन्न मुद्दों और अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए बैंकिंग सुधार के लिए भावी कार्य दिशा तय करेगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय बैंक इस समय मजबूत स्थिति में हैं। डूबे कर्ज की स्थिति निम्नतम स्तर पर होने के कारण भविष्य के सुधारों के लिए मजबूत आधार उपलब्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उच्च स्तरीय समिति से सिफारिशें मिलने के बाद सरकार और बैंकिंग क्षेत्र भारत की आर्थिक वृद्धि को तेज़ गति देने में सक्षम होंगे।

<u>आइस स्केटिंग</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी का शुभारंभ किया। 20 अगस्त तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में भारत समेत करीब 14 देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश–विदेश से प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों का देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत किया तथा सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन से उत्तराखंड की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीतकालीन और आइस स्पोर्ट्स के लिए एक अनुकूल गंतव्य के रूप में और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन, प्रदेश के

युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने के साथ ही उत्तराखंड में खेल पर्यटन की संभावनाओं को भी नई गति प्रदान करते हैं।

सड़क सुरक्षा

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुरक्षा व्यवस्था, सड़कों की स्थिति और यातायात नियमों के पालन को लेकर संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर बार–बार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, ऐसे दुर्घटना ग्रस्त क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए उनका थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाए। उन्होंने कहा कि इससे दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों की पहचान कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। जिलाधिकारी ने जिले की सभी सड़कों को 15 अक्टूबर तक हर हाल में गड्ढामुक्त करने के भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

तलाशी अभियान

गढ़वाल मंडल के आयुक्त आनदं स्वरूप ने चमोली जिले के पीपलकोटी में पिछले दिनों सुरंग हादसे में लापता दो श्रमिकों की तलाश के लिए चलाए जा रहे अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में आज गोपेश्वर में आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने राहत कार्य में लगी सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने और उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने श्रमिकों के हितों से जुड़े विषयों की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। वहीं, आयुक्त ने जिले में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों तथा आवश्यक सेवाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आपसी समन्वय से तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने बंद सड़कों को प्राथमिकता से खोलने, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्ग शीघ्र बहाल करने और क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों को तत्काल चालू करने को कहा। उन्होंने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बीमार पशुओं के उपचार और चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों के लिए अलग आपदा प्रबंधन कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।

सातूं आठूं पर्व

कुमाऊं मंडल में प्रसिद्ध लोकपर्व सातूं–आठूं आज बिरुड़ पंचमी के साथ शुरू हो गया है। अष्टमी तक चलने वाले इस पर्व की शुरुआत आज मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा–अर्चना से हुई। इस अवसर पर चम्पावत जिले में महिलाओं ने स्नान–ध्यान के बाद मंदिरों में पूजा की और पीतल व तांबे के पात्रों में सात अनाज भिगोकर मांगलिक गीत गाए। स्थानीय महिला– हेमा पाण्डेय और रेखा पाण्डेय ने बताया कि

इस पर्व में सात अनाजों को तांबे व पीतल के बर्तनो में भिगोया जाता है और सप्तमी को गौरा व महेश की मूर्ति स्थापना की जाती है। अष्टमी को इन मूर्तियों की पूजा करने के बाद विसर्जन किया जाता है।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता

''मुख्यमंत्री प्रोत्साहन खिलाड़ी योजना'' के तहत बागेश्वर जिले के डिग्री कॉलेज खेल मैदान में आज से तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन जिले भर से 120 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 14 से 23 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल परीक्षणों में अपनी प्रतिभा और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। जिला खेल समन्वयक कमलेश तिवारी ने बताया कि योजना का उद्देश्य प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ी पृथ्वीराज चौहान ने खिलाड़ियों के हित में इस योजना को संचालित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।